an>

Title: Regarding opencap storage of foodgrain in Haryana and Punjab.

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल (दमोह) : माननीय अध्यक्ष महोदया, धन्यवाद। बड़े लंबे समय के बाद बोलने का नंबर आया है। मैं किसानों के बारे में कहना चाहता हूँ। अध्यक्ष जी, मुझे आपका संरक्षण भी चाहिए। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, किसानों के अनाज के भंडारण की जो नीति देश में रही है, आज उसको फिर से उसके पूरे परिप्रेक्ष्य में देखने की ज़रूरत है। पहले नंबर पर एफ.सी.आई., राज्य के वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, फिर निजी भंडारण वाले और साइलो गोदाम हैं, जो बड़े-बड़े उद्योगपति लेकर आए हैं। मध्य प्रदेश, हरियाणा और पंजाब ऐसे राज्य हैं, जहाँ सरप्लस वेयरहाउसिंग कैपेसिटी हो गई है। उसके बावजूद भी खुले में अनाज रखा है। गेहूँ भी रखा है और धान भी रखी हुई है। मैं आपके माध्यम से सिर्फ एक आग्रह करना चाहता हूँ कि जिन छोटे किसानों ने वेयरहाउस बना लिये हैं, वे आज किस्त नहीं दे पा रहे हैं क्योंकि वे खाली पड़े हुए हैं। मैं मध्य प्रदेश की बात कर रहा हूँ। ऐसी स्थिति में आत्महत्या की स्थिति है। 25-25 लाख की किस्तें किसान देने की स्थिति में नहीं है। ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन में जहाँ रिक्त स्थान है, जहाँ पर वेयरहाउस नहीं है, बड़े साइलो वाले वहाँ पर जाएँ और वे किसान जिनके पास वेयर हाउस खाली पड़े हुए हैं, उनकी किस्तें पट सकें, ऐसी नीति की पुनरीक्षा करें, यह मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूँ। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Shri Ganesh Singh,

Shri Alok Sanjar,

Shri Nagendra Singh,

Kunwar Pushpender Singh Chandel,

Dr. Virendra Kumar,

Shri Rabindra Kumar Jena,

Shri Chandra Prakash Joshi,

Shri Sudheer Gupta, and

Shri Rodmal Nagar are permitted to associate with the matter raised by Shri Prahlad Singh Patel.